







## एक नजर में

### आज यहाँ रहेगी बत्ती गुल

**नीमच।** सहायक यंत्री नीमच शहर ने जानकारी दी है कि दिनांक 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को 33 के.व्ही. बस स्टैंड फीडर पर ट्रांसफार्मर इंस्टॉलेशन एवं सब-स्टेशन मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण प्रात: 7.00 बजे से 11.00 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इस दौरान 33/11 के.व्ही. बस स्टैंड ग्रिड से जुड़े 11 के.व्ही. बस स्टैंड फीडर, कीर्ति नगर फीडर, मेशी शोरूम फीडर, महू रोड फीडर, वाटर वर्क्स फीडर, सिटी फीडर से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इन फीडरों से जुड़े नीमच सिटी, इंदिरा नगर, महू रोड, बस स्टैंड क्षेत्र, यादव मंडी, जिला अस्पताल तथा सिविल हॉस्पिटल सहित आसपास के इलाकों में विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा। विद्युत कार्य की आवश्यकता अनुसार समय में कमी या वृद्धि भी की जा सकती है। नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है।

### इनरव्हील डायमंड का नि:शुल्क सर्व रोग जाँच

**नीमच।** इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला (उदयपुर) के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12 अक्टूबर 2025, रविवार को सी.एस.वी. अग्रोहा भवन, गोमाबाई रोड, नीमच में सर्व रोग जाँच, परामर्श एवं भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ प्रात: 9:00 बजे जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा व नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार द्वारा किया जाएगा। जबकि शिविर के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में इनरव्हील सी.सी.सी.चेयरमैन पी.डी.सी. संगीता जोशी उपस्थित रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नेत्र,अस्थि,मेडिसिन, शिशु, नाक-कान-गला, दंत, महिला एवं अन्य विभागों में नि:शुल्क जाँच, परामर्श, उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में चयनित मरीजों के लिए उसी दिन उदयपुर लाना-ले जाना एवं उदयपुर में नाश्ता,भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी।

### सर्पदंश पीड़ित परिवार को चार लाख की सहायता

**नीमच।** एसडीएम नीमची संजीव साहू द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग6/4के तहत सर्पदंश पीडित ग्राम दारू के एक परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है दारू निवासी श्यामलाल पिता मोहनलाल दुबे की खेत में कृषि कार्य करते 27 अगस्त 2025 को सांप के काटने से मृत्यू हो गई थी। तहसीलदार नीमच द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, स्वीकृति के लिए एसडीएम नीमच को प्रस्तुत किया था। एसडीएम द्वारा मृतक की वारिस पत्नि इन्द्राबाई पति श्यामलाल दुबे निवासी दारू को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है ।

### दीनदयाल शर्मा का निधन पंचतत्व में विलीन



**नीमच।** स्थानीय नीमच सिटी खेड़ी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय दीनदयाल शर्मा(किंजा) का 77 वर्ष की आयु में 10 अक्टूबर 2025 को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और दो दिन पूर्व ही अहमदाबाद से उपचार कराने के पश्चात घर पर लौटे थे। स्वर्गीय शिवदयाल जी, स्वर्गीय रामदयाल जी के छोटे भाई एवं डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा के बड़े भ्राता एवं दीपक, योगेश के पूज्य पिताजी एवं चिन्मय के दादाजी थे। स्वर्गीय दीनदयाल जी शर्मा फरवरी 2008 में दूरसंचार विभाग से जे.टी. के पद से सेवा निवृत्त हुए थे। सेवा निवृत्त होने के बाद ही जांगिड़ ब्राह्मण समाज चारभुजा मंदिर समिति के सचिव का दायित्व निर्वाह कर रहे थे। आप धार्मिक प्रवृत्ति के तथा समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव कार्य करने के लिए अग्रणी रहते थे। 10 अक्टूबर शुक्रवार को उनके निवास स्थान से निकली उनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजजनों उनके मित्र साथियों रिश्तेदारों ने भाग लेकर उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति चारभुजा मंदिर समिति की और से दिवंगत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### वोटचोरी हस्ताक्षर अभियान की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक 13 अक्टूबर को गरोठ और सुवासरा में

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान की गरोठ एवं सुवासरा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन 13 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12 बजे गरोठ एवं दोपहर 2 बजे सुवासरा में आयोजित की गई है। श्री गुर्जर ने आगे बताया कि बैठक में गरोठ विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक रामचन्द्र जी दांगी एवं सुवासरा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक हेमराज जी कल्पोनी सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। वहीं बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान,बीएलए 2 नियुक्ति एवं मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण स्द्धक्र एवं अन्य विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा करी जायेगी। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ नेतागण, पूर्व प्रत्याशी,जनप्रतिनिधिगण, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, मंडलम प्रभारी व सेक्टर अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे।

### शामगढ़ के कृषक अशोक कुमार पांडे को मिला 8 हजार 900 रुपए का मुआवजा

**मंदसौर।** शामगढ़ के कृषक अशोक कुमार पांडे ने हाल ही में अपने खेतों में हुई फसल नुकसान से राहत पाई। उन्होंने अपने आठ बीघा खेत में सोयाबीन की फसल लगाई थी, लेकिन दुर्भाग्यवश यह फसल पीला मोजेक रोग और अन्य प्राकृतिक कारणों से खराब हो गई। कृषक अशोक कुमार को इस नुकसान के लिए 8,900 रूपये की राहत राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि यह राशि उनके लिए अत्यंत मददगार साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की परेशानियों को समझते हुए राहत राशि प्रदान की, यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है। इससे हमें अपने खेतों में खाद, बीज और अन्य जरूरी कामों में सहायता मिलेगी। ऐसे ही भविष्य में भी फसल नुकसानी पर किसानों को सहयोग मिलता रहे।

### एआई टूल्स फॉर लाइब्रेरी सर्विसेज पर आज राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**मंदसौर।** मंदसौर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा केंद्रीय पुस्तकालय के सहयोग से एआई टूल्स फॉर लाइब्रेरी सर्विसेज विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला आज दिनांक 11 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को मंदसौर विश्वविद्यालय परिसर स्थित एलटी-01 हॉल में प्रात: 9:00 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से पुस्तकालय सेवाओं को अधिक प्रभावी, आधुनिक और उपयोगकर्ता-मित्रवत बनाने की दिशा में प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर देशभर के पुस्तकालय पेशेवरों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं एआई तकनीक में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अनुसार, एआई तकनीक पुस्तकालयों को डेटा प्रबंधन, सूचना प्रसंस्करण तथा पर्सनलाइज्ड सर्विसेज प्रदान करने में अत्यधिक सहायक है।

### जिले में रविवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**मंदसौर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में दिनांक 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को अभियान संचालित किया जाएगा। इस दिन 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1,58,378 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1200 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ प्रात: 9:30 बजे जिला चिकित्सालय परिसर, मंदसौर से किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय दायित्व में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

## प्रदीप राठौर आत्महत्या प्रकरण, धर्मेन्द्र परिहार पर गंभीर आरोप

**सेन समाज उतरा सड़कों पर**



**नीमच। प्रदीप राठौर की आत्महत्या के मामले में शनिवार को सेन समाज के लोग आक्रोशित हो न्याय की मांग को लेकर सडकों पर उतर आए। समाज के सदस्य बड़ी संख्या में सेन सर्कल पर एकत्रित हुए और कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपने की तैयारी में हैं।**

मामला तब उजागर हुआ जब नीमच निवासी प्रदीप राठौर ने 9 अक्टूबर की रात कथित रूप से धर्मेन्द्र परिहार द्वारा दी जा रही धमकियों और आर्थिक उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली। समाजजनों का आरोप है कि धर्मेन्द्र परिहार और उसके सहयोगी जगदीश प्रजापति ने प्रदीप से फर्जी कर्ज वसूली और मकान हड़पने का षड्यंत्र रचा था। जानकारी के अनुसार, प्रदीप राठौर ने वर्ष 2020 में धर्मेन्द्र परिहार से 4 लाख 10-15 प्रतिशत मासिक ब्याज पर उधार लिए थे। ब्याज सहित दोगुना पैसा लौटाने के बाद भी आरोपी लगातार धमकाता रहा। कथित तौर पर आरोपी ने प्रदीप से कहा था रूपये नहीं दे सकता तो मर जा, तभी छुटकारा मिलेगा। दिसंबर 2024 में धर्मेन्द्र अपने परिचित जगदीश प्रजापति को लेकर आया और प्रदीप पर दबाव डाल कर मकान बेचने का अनुबंध करवा लिया। समाजजनों के अनुसार, प्रदीप को अनुबंध के एवज में केवल 5 लाख मिले, जबकि बाकी राशि कभी नहीं दी गई।

**प्रदर्शन कर जांच की मांग**

शनिवार को सेन समाज के लोग बड़ी संख्या में सेन सर्कल पर एकत्रित हुए। उनके हाथों में बैनर और तख्तियाँ थीं, जिन पर लिखा था। प्रदीप को न्याय दो, दोषियों को सजा दो। समाज के अध्यक्ष सुखलाल सेन और युवा अध्यक्ष चमन सेन के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जल्द ही एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपेगा। समाज का कहना है कि प्रदीप राठौर की आत्महत्या किसी निजी निर्णय का परिणाम नहीं बल्कि कर्ज, धमकियों और मानसिक प्रताड़ना की परिणति है, जिसके दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए।




## विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में सीआरपीएफ कैम्पस में नेत्र चिकित्सा जॉच शिविर का आयोजन

**नीमच।** ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नीमच के क्षेत्रीय परिवार कल्याण केंद्र ''कावा'' में सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र केरिपुबल, नीमच के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को गोमा बाई नेत्रालय नीमच एवं संयुक्त अस्पताल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच द्वारा संयुक्त रूप से विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में ऑखों का मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।

गोमा बाई नेत्रालय, नीमच के डॉ. हर्षित बसंत, नेत्र विशेषज्ञ एवं उनकी टीम ने सीआरपीएफ कैम्प में निवासरत जवानों एवं परिजनों की ऑखों की नि:शुल्क जांच की गई। उन्होंने वर्तमान असंयमित जीवनशैली एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग के कारण उत्पन्न होने वाली ऑखों की बीमारियों के लिए उत्तरदायी कारकों व बचाव के लिए उपायों पर बहुउपयोगी जानकारी भी साझा की और जीवनशैली में आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया। इस अवसर पर गोमा बाई नेत्रालय, नीमच के डॉ. हर्षित बसंत, नेत्र विशेषज्ञ के अतिरिक्त संयुक्त अस्पताल, नीमच के डॉ. पदमा चौधरी, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), डा0 गोपाल गुप्ता, कमाण्डेनट (एस0जी0), प्रमोद कुमार साहू, कमाण्डेंन्ट, श्री जी0 दिनेश, द्वितीय कमान अधिकारी, देविन्द्र सिंह नेगी, उप कमांडेंट, ग्रुप केन्द्र नीमच सहित भारी संख्या में जवान एवं परिजन उपस्थित रहे।

## उज्जैन संभाग बना प्रदेश चैम्पियन, नीमच टीम ने जीते 26 पदक



**नीमच। 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित वूशू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता (17 व 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) में उज्जैन संभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश की चैम्पियन टीम का खिताब अपने नाम किया।**

यह प्रतियोगिता 4 से 8 अक्टूबर 2025 तक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्वालियर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के 10 संभाग भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, ग्वालियर, शहडोल और जनजातीय विकास विभाग के 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक भरत सिंह कुमावत (व्यायाम शिक्षक, शा.बा.उ.मा.वि. क्र. 2 नीमच) के मार्गदर्शन में उज्जैन संभाग के 64 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 26 पदक अर्जित किए, जिनमें 7 स्वर्ण, 5 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ उज्जैन संभाग ने 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

स्वर्ण पदक विजेताओं में नीमच की वंशिका नागलोद और अल्फिया मंसूरी, शाजापुर के गीतांजलि, रवि और यश, उज्जैन के प्रीतेश तथा रतलाम के छोटू शामिल रहे। रजत पदक विजेताओं में मेघा और गुनगुन (नीमच), लक्ष्मी, सृष्टि और निलेश के नाम शामिल हैं। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में नीमच के मयंक, अब्बास, आजाद, नकुल, काजल सालवी, रेबेका अल्बर्ट, अश्विनी कैथवास सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर संभाग का मान बढ़ाया।

खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी सुजानमल मांगरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी सावित्री मालवीय, प्राचार्य ओ.पी. बंसल सहित विद्यालय स्टाफ, व्यायाम शिक्षक, परिजनों और शुभचिंतकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। सभी ने कोच भरत सिंह कुमावत के कुशल प्रशिक्षण और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उज्जैन संभागीय टीम को प्रदेश विजेता बनाकर न केवल नीमच का नाम रोशन किया, बल्कि इस उपलब्धि को अपने स्वर्गीय पिता को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया।

## मोबाइल चोरी का आरोपी थाना जीआरपी नीमच की गिरफ्त में



**नीमच।** जीआरपी थाना द्वारा सुचना तंत्र का प्रयोगकर एवं तत्पर्ता से कार्यवाही करने से आरोपी देवेन्द्र उर्फ सनी पिता मदनलाल,उम्र-19 वर्ष, निवासी-आजाद चौक, जाटों का मोहल्ला, निम्बाहेडा, चित्तोडगढ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया, एवं बिलाल खान पिता आरिफ खान उम्र 19 वर्ष निवासी -मदारपुरा, मस्जिद के पास, थाना कोतवाली जिला मंदसौर (मप्र) पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर पदम विलोचन शुक्ला द्वारा इकाई में अपराधियों की भर पकड एवम अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु एवम अवैध गतिविधियों पर पूर्णत: प्रतिबन्ध लगाने व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में, ज्योती शर्मा उप पुलिस अधीक्षक रेल इन्दौर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी सउनि कन्हैयालाल भाटी, सउनि जगदीश यादव, प्रआर 585 वर्दीचन्द खण्डेला, प्रआर 526 कैलास जगताप द्वारा रेल्वे स्टेशन नीमच से सुचना तंत्र की मदद से आरोपी देवेन्द्र उर्फ सनी पिता मदनलाल, उम्र-19 वर्ष, निवासी-आजाद चौक, जाटो का मोहल्ला, निम्बाहेडा, चित्तोडगढ (राजस्थान) को मोबाईल चोरी में गिरफ्तार किया। साथ ही एक आरोपी बिलाल खान पिता आरिफ खान उम्र 19 वर्ष, निवासी -मदारपुरा, मस्जिद के पास, थाना कोतवाली जिला मंदसौर (मप्र.) जीआरपी थाना नीमच को सुचना प्राप्त हुई कि रनिंग ट्रेनों में यात्रियों के मोबाईल चोरी कर चुराने वाले आरोपी सक्रिय है आरोपी चालाकी और योजनाबद्ध तरीके से भीड़भाड़ वाले कोच एवं चलती ट्रेनों में यात्रियों का ध्यान भटकने पर और बेखबर यात्रियों का मोबाईल चोरी कर लेता है। चोरी की वारदात अधिकतर रात्रि वाली ट्रेन उदयपुर रतलाम एक्स में वारदात इतनी कुशलता से की जाती कि अधिकतर पीडितों को घटना का अहसास भी तब हुआ होता है जब उनका मोबाईल चोरी कर लिया जाता है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी व्यस्त भीडभाड का लाभ उठाकर चोरियां करते थे।

## नवनियुक्त जिला प्रभारी अरविंद बागड़ी होंगे शामिल

**जिला कांग्रेस नीमच की महत्वपूर्ण बैठक आज**

**नीमच।** कांग्रेस कमेटी नीमच के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, मंडलम प्रभारी, सेक्टर अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी की आगामी कार्य योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 12 अक्टूबर रविवार को दोपहर 01 बजे कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन नीमच पर आयोजित करी गई है।

जिला कांग्रेस नीमच के अध्यक्ष तरूण बाहेती ने बताया ने बताया कि आयोजित बैठक में मुख्य रूप से नवनियुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी अरविंद बागड़ी इंदौर,नीमच विधानसभा प्रभारी युसूफ कड़पा जावरा,जावद विधानसभा प्रभारी डीपी धाकड़ एवं मनासा विधानसभा प्रभारी प्रभु राठौर एवं जिले के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। बैठक कि विस्तृत जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस के प्रवक्ता भगत वर्मा ने बताया कि बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान,बीएलए 2 नियुक्ति एवं मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण स्द्धक्र एवं अन्य विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा करी जायेगी।

आयोजित बैठक मे जिले के ब्लॉक अध्यक्ष,मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, मंडलम प्रभारी व सेक्टर अध्यक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

**एक नजर** नांदवेल में तंबाकू मुक्त विद्यालय हेतु जागरूकता अभियान आयोजित

## तंबाकू सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार को भी हानि पहुंचाता है : परिहार




**मंदसौर। जिले में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के तहत ग्राम नांदवेल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।**

कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण समिति के सदस्य एवं मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और अपने साथियों तथा परिवारजनों को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएं।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संगीता खाड़ारी, ग्राम सरसोद के सरपंच सुरेशचंद्र व्यास, मजदूर कल्याण समिति के जिला उपाध्यक्ष कमल नयन गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार चौहान, सह मीडिया प्रभारी दीपक भारती सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।